हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 12 जनवरी 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 वकीलों ने दुनातर धाम व मरौली में आदिवासियों...



07 भगवान शिव व द्वारिकाधीश के जयकारों के बीच तीर्थ...



## खबर संक्षेप

### सह प्रभारी रणविजय सिंह 12 एवं 13 को सागर में

**सागर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह-सचिव एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी रणविजय सिंह दिनांक 12 एवं 13 जनवरी को सागर जिले में कांग्रेस जनों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान 12 जनवरी को दोपहर 3 बजे जिला शहर कांग्रेस कमेटी के जिला /ब्लॉक अध्यक्ष, जिला /विधान सभा प्रभारी, प्रदेश पदाधिकारी विधानसभा प्रत्याशी का एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। 13 जनवरी को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक जिला ग्रामीण कांग्रेस कार्यालय में जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता गण, जिला पदाधिकारियों /ब्लॉक अध्यक्ष गण , जिला /विधानसभा प्रभारी गण, प्रदेश पदाधिकारी गण विधानसभा प्रत्याशी गण एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। उक्त आशय की जानकारी जिला ग्रामीण कांग्रेस मीडिया प्रभारी आशीष ज्योतिषी नें प्रेस को दी।

### प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल आज सागर प्रवास पर रहेंगे

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल 12 जनवरी को सागर जिले के प्रवास पर रहेंगे। जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के आगमन की तैयारियों को लेकर पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ वर्चुअल बैठक कर तैयारियों सम्बन्ध में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खण्डेलवाल 12 जनवरी को सायं 4 बजे सागर जिले के बीना स्थित खेल ग्राउण्ड में आयोजित स्वर्गीय श्री राकेश सिरोठिया स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात आप सायं 5 बजे वीबी-जी रामजी जन जागरण अभियान की बैठक एवं सायं 5.45 बजे छोटी टोली बैठक को संबोधित करेंगे।

### डॉ. वृषभान अहिरवार 'बेहतरीन रेडियोलॉजिस्ट' अवार्ड से सम्मानित

**सागर।** बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के रेडियोलॉजी विभाग में पदस्थ एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वृषभान अहिरवार ने प्रदेश स्तर पर संस्थान का मान बढ़ाया है। इंदौर में आयोजित इंडियन रेडियोलॉजिकल एसोसिएशन की वार्षिक कॉन्फ्रेंस में उन्हें उनकी सटीक रिपोर्टिंग और उत्कृष्ट प्रोफेशनल सेवाओं के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर डीन डॉ. पी. एस. ठाकुर ने डॉ. अहिरवार को बधाई देते हुए उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉ. अहिरवार की निस्वार्थ सेवा और कार्यक्षमता अनुकरणीय है, जिससे पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ा है। उनकी यह उपलब्धि साथी चिकित्सकों और छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

### माता वैष्णोंदेवी के लिए तीर्थयात्रियों के जत्थे 31 को होंगे रवाना

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रियों के लिए माता वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रा करने हेतु आवेदन 17 जनवरी 2026 तक प्राप्त किये जावेगें। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रा हेतु किए जा रहे आवेदन में आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य रहेगा तथा आवेदन साफ्टकॉपी एवं हार्डकॉपी के द्वारा इस कार्यालय में 17 जनवरी सायं 05:30 बजे तक भेजना सुनिश्चत करें। तीर्थ यात्रियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों के साथ चिकित्सीय प्रमाण पत्र सहित सभी कालमों एवं सहपत्रों का सूक्ष्म परीक्षण उपरांत पात्र व्यक्तियों के ही आवेदन इस कार्यालय में भेजे जावें। इसके अतिरिक्त जिन तीर्थ यात्रियों द्वारा पूर्व की यात्राओं का लाभ प्राप्त कर लिया गया है। उन तीर्थ यात्रियों के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएगें।

मुख्यमंत्री के लाइव कार्यक्रम का प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र सागर में किसानों के समक्ष किया गया

# कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जाएगा वर्ष 2026, कृषि रथों को हरी झंडी देकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मुख्यमंत्री मोहन योदव द्वारा ' समृद्ध किसान समृद्ध प्रदेश' की परिकल्पना को साकार करने हेतु जंबूरी मैदान भोपाल में वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया साथ ही कृषक कल्याण रथ को हरी झण्ड़ी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा स्वंय ट्रेक्टर चलाकर वाहन रैली को प्रारम्भ किया गया।

सागर जिले में कलेक्टर संदीप जी. आर के निर्देशन मे वर्ष 2026 कृषक कल्याण वर्ष के जिला स्तरीय कार्यक्रम अंतर्गत विधायक नरयावली इंजी.प्रदीप लारिया द्वारा कृषक कल्याण रथ को हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका मकरोनिया के पार्षद गोलू रिछारिया एवं मुकेश पटेल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री के भोपाल के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र क्रमांक 01 सागर मे उपस्थित समस्त कृषकों को लाईव प्रसारण के माध्यम से दिखाया गया। जिले के सभी विकासखण्डों में भी जन प्रतिनिधियों द्वारा कृषक कल्याण रथ को हरी झंडी देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया साथ ही मुख्यमंत्री के लाइव कार्यक्रम का सामूहिक प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र सागर में जिले के किसानों के समक्ष किया गया, जहाँ किसानों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता दी।

प्रत्येक विकासखंड में कृषक कल्याण रथ एक माह में समस्त पंचायतों का भ्रमण कर जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व कीट एवं रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, ई विकास प्रणाली अंतर्गत ए टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था प्रणाली प्रबंधन की जानकारी एवं विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार करेगा जिससे कृषक कल्याण वर्ष की भावना को ग्राम स्तर तक पहुँचाया जा सके।

### कृषक कल्याण हेतु म.प्र सरकार 16 विभाग मिलकर करेंगे कार्य

म.प्र सरकार द्वारा कृषकों की आय में वृध्दि करने हेतु साल भर कृषक कल्याण से संबंधित 16 विभाग चरणबद्ध तरीके से वर्ष भर शासन की विभिन्न योजनाओ का लाभ दिलाने हेतु कार्य करेगें एवं समृद्धकिसान समृद्ध प्रदेश की शासन की मंशा को साकार कराएंगे। यह आयोजन किसानों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता एवं कृषक कल्याण के संकल्प को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक कृषि राजेश त्रिपाठी, परियोजना संचालक आत्मा मुकेश प्रजापति, अनुविभागीय अधिकारी कृषि अनिल राय सहित विभागीय अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिले में समर्थन मूल्य पर किया जा रहा है धान का उपार्जन

**सागर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु 4142 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया जिसमें 3038 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किये गये है। आज दिनांक तक 2478 किसानों से 16039 मे.टन. धान खरीदी की गई। खरीदी के विरूद्ध 14607 मे.टन. का परिवहन किया गया है। किसानों को 19.30 करोड़ का सफल भुगतान प्राप्त हो चुका है। शासन द्वारा धान उपार्जन हेतु स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि दिनांक 13 जनवरी तक निर्धारित की गई है एवं धान उपार्जन हेतु अंतिम तिथि 20 जनवरी निर्धारित की गई है। किसानों से अनुरोध है कि जो किसान धान का विक्रय उपार्जन केन्द्रों पर करना चाहते है वह समय-सीमा में अपना स्लॉट बुक कर धान विक्रय कर सकते है।



## पूर्व प्रधानमंत्री पं. लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर शहर सेवादल ने किया स्मरण

**सागर।** शहर सेवादल परिवार ने देश के द्वितीय प्रधानमंत्री पं.लालबहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर सदर स्थित शास्त्री प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और मोमबत्ती प्रज्ज्वलित करके शास्त्री जी का स्मरण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी जितेन्द्र सिंह चावला ने कहा कि शास्त्री जी ने देश को जय जवान, जय किसान का नारा दिया, जिससे किसानों और जवानों के सम्मान को नई दिशा मिली। उनके नेतृत्व में देश ने कठिन परिस्थितियों में भी आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय एकता का मार्ग अपनाया। कांग्रेस नेता अवधेश तोमर ने शास्त्री जी को नमन करते हुए कहा कि शास्त्री जी सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक थे। कार्यक्रम का आयोजन शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने किया। कार्यक्रम में शैलेन्द्र तोमर, अन्नू घोषी, दीपक मिश्रा, अंकुर यादव, फईम अंसारी, परख शुक्ल, सजल जैन, सौरभ जैन, बाबू यश तोमर, अक्षत तोमर, शुभम तोमर आदि सेवादल परिवार जन उपस्थित रहे।




## महाविद्यालय में विशेष कैंप लगाकर पात्र युवाओं के मतदाता सूची में नाम जोड़े गए

**गढ़ाकोटा।** विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में 9 एवं 10 जनवरी को विशेष कैंप लगाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य किया गया। कैंप लगाकर पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से जोड़ने का कार्य किया गया, सभी युवाओं को नोडल अधिकारी पुष्पेंद्र बर्मन द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से नाम जोड़ने संबंधी दिशा निर्देशों और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारीदी गई। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ घनश्याम भारती ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने और विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के महत्व के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए जिन विद्यार्थियों के नाम अभी तक मतदाता सूची में नहीं जुड़े उनको इस कैंप के माध्यम से अपने नाम जुड़वाने के लिए सभी विद्यार्थियों को निर्देशित किया। कलेक्टर सागर तथा कुलदीप पाराशर अनुविभागीय अधिकारी रहली के निर्देश पर तहसील कार्यालय गढ़ाकोटा की ओर से इस कार्य में लगे हुए वीरेंद्र तंतुवाय एवं नरेश मिश्रा ने विद्यार्थियों के फॉर्म 6 एवं घोषणा पत्र आदि का अवलोकन कर विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु आगे की कार्यवाही करते हुए सभी फॉर्मों को आगे की प्रक्रिया हेतु आगे बढ़ाया। इस विशेष कैंप में लगभग 25 विद्यार्थियों ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु अपने आवेदन प्रस्तुत किये।



## कुरीति पर प्रहारः सोनी परिवार ने पेश की मिसाल मृत्युभोज की जगह आयोजित की श्रद्धांजलि सभा

**रहली।** समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और नई दिशा देने के उद्देश्य से रहली के सोनी परिवार ने एक सराहनीय पहल की है। समाजसेवी धर्मेंद्र सोनी के आकस्मिक निधन के बाद, शोक संतृप्त परिवार ने तेरहवीं पर पारंपरिक मृत्युभोज न करने का साहसिक निर्णय लिया। इसके स्थान पर एक गरिमामय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसकी क्षेत्र में चहुंओर प्रशंसा हो रही है। धर्मेंद्र सोनी के हृदयाघात से हुए असामयिक निधन से समूचा नगर स्तब्ध है। आयोजित श्रद्धांजलि सभा में रहली नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे और अपने प्रिय साथी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी विदा दी। सभा को संबोधित करते हुए राज्य परिवहन निगम के पूर्व उपाध्यक्ष जीवन पटेल ने कहा, एक ऊर्जावान समाजसेवी युवा का हमारे बीच से जाना अपूरणीय व्यक्तिगत क्षति है। सोनी परिवार ने मृत्युभोज जैसी कुरीति को त्यागकर समाज को एक नई और सकारात्मक सोच दी है। वक्ताओं ने परिवार के इस निर्णय को साहसपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसी पहल से समाज के अन्य वर्गों को भी प्रेरणा मिलेगी। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत दिवंगत धर्मेंद्र सोनी के भाई जितेन्द्र सोनी, पार्षद शैलेंद्र सोनी और पुत्र शौर्य मनु सोनी का पगिया बंधन किया गया। अंत में उपस्थित जनसमूह ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतृप्त परिवार को संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

## जिला स्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली



भारत हमारी माता है। हम सभी एक माता के सपूत हैं। तो हम सब एक हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शाखा में युवा आइए हम सब मिलकर राष्ट्र निर्माण का कार्य करें। ये बात संघ के शताब्दी वर्ष में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में स्टेडियम में आयोजित जिला युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए सह प्रांत प्रचार प्रमुख शिवनारायण पटेल ने बौद्धिक में कही।

उन्होंने कहा भारत माता पर आक्रांताओं ने अनेक हमले किए हैं लेकिन ऐसी कोई ताकत नहीं रही जो हमारे अस्तित्व को मिटा सके हमारी संस्कृति को मिटा सके। क्योंकि हमारी संस्कृति इतनी मजबूत है कि कोई आक्रांता हमारा कुछ बिगाड़ नहीं पाया। उन्होंने कहा आज पंच परिवर्तन समय की मांग है। देश में पाश्चात्य संस्कृति से जो विकृतियां आईं हैं उन्हें पंच परिवर्तन से ही सुधार किया जा सकता है। स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधिनी, सिंगल यूज प्लास्टिक से दूरी, पर्यावरण जैसे विषय प्रमुख हैं। युवा रसोई घर और स्नानघर की वस्तुएं स्वदेशी खरीदें। जेन जेड को राष्ट्रवाद से अवगत कराना है जिससे अबोध युवा राष्ट्र विरोधी ताकतों के बहकावे में न आएं। शुरुआत में भारत माता का पूजन अर्चन किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर की बहनों ने वन्देमातरम की प्रस्तुति दी। जिला युवा सम्मेलन में जिला संघ चालक डॉ उमेश वैद्य, जिला कार्यवाह कमलेश अवस्थी, जिला सह कार्यवाह पवन, जिला प्रचारक शिवम, नगर कार्यवाह विशाल, भाजपा नेता अभिषेक भार्गव, नपाध्यक्ष देवराज सोनी, गढ़ाकोटा नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, डॉ मनोज जैन, व्यापारी प्रतिनिधि विकास चौरसिया, पार्षद अमित नायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश यादव, सूरज प्रजापति समेत देवरी, गढ़ाकोटा, गौरझामर, केसली से आए युवा शामिल रहे।

### हिंदू सम्मेलन के लिए भूमि पूजन कर संकल्प लिया

राष्ट्रीय स्वयं संघ के मार्गदर्शन में 23 जनवरी को होने जा रहे हिन्दू सम्मेलन के लिए भूमिपूजन कर संकल्प लिया गया। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के संयोजक डॉ मनोज ने पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार पर भूमि पर चंदन रोरी तिलक पुष्प मिष्ठान अर्पित कर भूमिपूजन किया। इस दौरान भारत माता के चित्र पर पुष्प चढ़ाए। ध्वज स्थापित किया गया। तैयारियों को लेकर हुई बैठक में विचार विमर्श उपरांत कार्य सौंपे।

## भवानी सेवा समिति ने हिन्दी दिवस मनाया गया



**सागर।** अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदी दिवस पर समाजसेवी इंजी. आकाश कोरी (मासाब) द्वारा बच्चों को हिन्दी दिवस के बारे मे बताया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विश्व में हिन्दी का विकास करने और इसे प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से आज ही के दिन विश्व हिन्दी सम्मेलनों की शुरुआत की गई और प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित हुआ तब से ही इस दिन को 'विश्व हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। भारत के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी 2006 को विश्व हिन्दी दिवस को प्रति वर्ष मनाने की घोषणा की । क्युकी इसका उद्देश्य भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना है। विदेशों में भारत के दूतावास इस दिन को विशेष रूप से मनाते हैं।

स्वामी विवेकानंद भारतीय चेतना के ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिनके विचार समय की सीमाओं से परे हैं

# युवा और हिंदुत्व से होगा राष्ट्र निर्माण, स्वामी विवेकानंद का विचार आज भी प्रासंगिक : युवा नेता अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



स्वामी विवेकानंद के विचार आज के युवाओं और राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया के लिए पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। यह बात युवा विचारक एवं भाजपा कार्यकर्ता अविराज भूपेन्द्र सिंह ने स्वामी विवेकानंद के विचार-दर्शन पर चर्चा करते हुए कही। अविराज सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारतीय चेतना के ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिनके विचार समय की सीमाओं से परे हैं। उन्होंने जिस भारत की कल्पना की थी, उसके केंद्र में युवा शक्ति और उसकी आत्मा में हिन्दुत्व था। "विवेकानंद के लिए युवा और हिन्दुत्व अलग नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक थे। युवा राष्ट्र की ऊर्जा हैं और हिन्दुत्व उसका नैतिक व आध्यात्मिक आधार," उन्होंने कहा।

उन्होंने कहा कि आज जब भारत अपनी सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक समरसता और वैश्विक भूमिका को लेकर आत्ममंथन कर रहा है, तब विवेकानंद का दृष्टिकोण युवाओं के लिए मार्गदर्शक बनता है। अविराज सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं को केवल भविष्य की आशा नहीं, बल्कि वर्तमान का कर्णधार मानते थे। उनके अनुसार यदि युवाओं को सही दिशा, आत्मविश्वास और मूल्य मिल जाएँ, तो राष्ट्र का कायाकल्प संभव है।

अविराज सिंह ने कहा कि विवेकानंद का हिन्दुत्व किसी संकीर्ण धार्मिक पहचान तक सीमित नहीं था। "उन्होंने हिन्दुत्व को जीवन-दृष्टि के रूप में देखा, जो आत्मबल, निर्भयता, सहिष्णुता और कर्म का संदेश देता है। विवेकानंद का स्पष्ट मत था कि डर मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है—'डर पाप है'," उन्होंने जोड़ते हुए कहा।

उन्होंने 1893 के शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन का उल्लेख करते हुए कहा कि विवेकानंद ने विश्व मंच पर जिस हिन्दुत्व को प्रस्तुत किया, वह सहिष्णुता और समन्वय का प्रतीक था। "उन्होंने यह स्पष्ट किया कि हिन्दुत्व किसी अन्य धर्म का विरोध नहीं करता, बल्कि सभी धर्मों का सम्मान करता है। आज जब समाज वैचारिक टकराव और असहिष्णुता की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब यह संदेश युवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है," अविराज सिंह ने कहा। अविराज सिंह ने कहा कि विवेकानंद शिक्षा को केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की प्रक्रिया मानते थे। उनके अनुसार नैतिकता से रहित शिक्षा समाज के लिए खतरा है। उन्होंने बताया कि विवेकानंद शारीरिक और मानसिक बल को भी आवश्यक मानते थे, जिसका प्रतीक उनका प्रसिद्ध कथन-"गीता पढ़ने से पहले फुटबॉल खेलो"- है। उन्होंने कहा कि सेवा विवेकानंद के हिन्दुत्व का केंद्रीय तत्व थी। "दरिद्र नारायण" की अवधारणा के माध्यम से उन्होंने यह स्पष्ट किया कि गरीब, शोषित और वंचित की सेवा ही सच्चा धर्म है। अविराज सिंह ने कहा कि यह संदेश आज के युवाओं को व्यक्तिगत सफलता से आगे बढ़कर सामाजिक उत्तरदायित्व की ओर प्रेरित करता है।आधुनिकता पर विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए अविराज सिंह ने कहा कि वे पश्चिम की अंधी नकल के विरोधी थे, लेकिन विज्ञान और तकनीक के समर्थक थे। "उनका मानना था कि भारत तभी आगे बढ़ सकता है, जब आधुनिक सोच और प्राचीन भारतीय मूल्यों का समन्वय हो," उन्होंने जोड़ा।

अंत में अविराज सिंह ने कहा कि आज का युवा दिशाहीनता, प्रतिस्पर्धा और मानसिक तनाव जैसी चुनौतियों से घिरा है। ऐसे समय में स्वामी विवेकानंद का संदेश—"उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको"—उसे आत्मविश्वास, सेवा और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र का निर्माण केवल नीतियों से नहीं, बल्कि चरित्रवान युवाओं और जीवन मूल्यों से होता है, और यही युवा व हिन्दुत्व का वास्तविक संगम है।

## मारपीट मामले में चुनाव आयोग सख्त, 1 आरोपी पर प्रकरण दर्ज

### रिर्पोट लिखाने गए नपा अध्यक्ष पति से देवरी थाना परिसर में मारपीट का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलॉ

विगत गुरूवार को युवक से हुई मारपीट रिर्पोट लिखाने देवरी थाने गये नगरपालिका अध्यक्ष पति से थाना परिसर में मारपीट किए जाने के मामले में चुनाव आयोग के सख्त रूख के बाद आरोपी के विरूद्ध देवरी थाने में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत गुरूवार सुबह लगभग 11 बजे देवरी नगरपालिका अध्यक्ष पति अलकेश जैन अपने चुनाव प्रचार कर रहे समर्थक गौरव गौड़ से मारपीट किए जाने एवं वाहन में तोड़फोड़ किये जाने संबंधी शिकायत करने देवरी पुलिस थाने पहुँचे थे। उसी दौरान थाना परिसर में ही उनके साथ गाली गलौच एवं मारपीट की गई थी। जिसके संबंध में अलकेश जैन एवं उनकी पत्नि देवरी नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमति नेहा अलकेश जैन द्वारा देवरी थाने लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। एवं घटना संबंधी सीसीटीव्ही फुटेज दिये जाने की मांग की गई थी। परंतु कार्रवाई न होने को लेकर उनके द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग, केन्द्रीय निर्वाचन आयोग एवं पुलिस अधीक्षक को शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की थी।

उक्त मामले में शिकायत प्राप्त होने के बाद चुनाव आयोग एवं पुलिस अधीक्षक सागर द्वारा घटना की जानकारी ली गई थी। मामले में पुलिस अधीक्षक सागर द्वारा घटना का सीसीटीव्ही फुटेज भी मांगा गया था। मामले में चुनाव आयोग एवं अधिकारियों के सख्त रूख के बाद शुक्रवार रात्रि में आरोपी संदीप जैन के विरूद्ध धारा 296 बी एवं 115 (2) भारतीय दण्ड विधान के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

## सुरक्षा का विश्वास, पुलिस का प्रयास मिशन शक्ति 5.0

# महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसम्मान सुरक्षा व आत्मनिर्भरता पर जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अन्तर्गत जिले के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गांव-गांव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीडऩ से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की।

विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में बताया कि 112 आपातकालीन सेवा, 1090/1091 महिला सुरक्षा हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की जानकारी दी। मिशन शक्ति की टीमों द्वारा उपस्थित जनसमूह को यह भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीडऩ या साइबर ठगी की सूचना तुरंत देने पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी। नारी की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, ललितपुर पुलिस का संकल्प है।

## बालिकाओं के लिए खेल प्रतियोगिताएं करवाई




**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के थाना बानपुर पुलिस द्वारा जीवन शिल्प स्कूल, बानपुर के बालिकाओं हेतु स्कूल में खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। खेल प्रतियोगिता में बालिकाओं द्वारा उत्सूकता के भाग लिया गया। तत्पश्चात बालिकाओं को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीडऩ से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन नं. 1090, 1930 आदि से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गई। बालिकाओं को भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीडऩ या साइबर ठगी की सूचना तुरंत देने पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी। नारी की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, ललितपुर पुलिस का संकल्प है।

## अधिवक्ताओं ने सामाजिक दायित्व निभाया

# वकीलों ने दुनातर धाम व मरौली में आदिवासियों को बांटे कंबल



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

वकील केवल न्यायालय के भीतर ही नहीं, बल्कि समाज के बीच रहकर भी राष्ट्र निर्माण और सेवा का कार्य करता है। इसी भावना के साथ अधिवक्ताओं के एक समूह ने श्रीश्री 1008 शिव मंदिर दुनातर धाम, चंदावली व ग्राम मरौली पर एक प्रेरणादायक पहल की। भीषण शीतलहर को देखते हुए यहां आसपास के क्षेत्रों के असहाय आदिवासी परिवारों को गर्म कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि कानूनी पेशा केवल मुकदमों तक सीमित नहीं है।

अधिवक्ता हरदयाल सिंह लोधी ने कहा कि अधिवक्ता समाज का सबसे सजग प्रहरी होता है। हमारा कर्तव्य केवल अदालत में न्याय दिलाना नहीं, बल्कि समाज के उस अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना भी है जो अभावों में जी रहा है। आज का यह प्रयास उसी सामाजिक जिम्मेदारी का एक हिस्सा है। एडवोकेट पुष्पेंद्र सिंह चौहान (पैनल अधिवक्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) ने बताया कि कचहरी से बाहर भी अधिवक्ता एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। आदिवासियों और वंचितों की सेवा करना हमें जमीनी हकीकत से जोड़ता है और हमें समाज निर्माण के प्रति अधिक संवेदनशील बनाता है। ग्रामीण अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता कमलेश लोधी मरौली ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ठंड की ठिठुरन किसी के लिए जानलेवा न बने, इसके लिए हम सभी को एकजुट होकर आगे आना चाहिए। अधिवक्ता वर्ग हमेशा से ही सामाजिक परिवर्तन का संवाहक रहा है। इस पुनीत कार्य में जिला बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री महेंद्र जैन ने अपनी उपस्थिति से उत्साहवर्धन किया। साथ ही अधिवक्ता समूह से एड.आकाश झा, एड. विकास झा, एड. मुकेश लोधी, एड. के.के. विश्वकर्मा, एड. प्राण सिंह, एवं एड. दीपक यादव ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए वितरण कार्य संपन्न कराया। ग्रामीण क्षेत्र से उत्तम सिंह, वृषभान सिंह, ग्राम प्रधान नेकपाल, विनोद, रामेश्वर, रघुवीर पंडा, घनश्याम, और राम सिंह आनंद भी इस अवसर पर मौजूद रहे, जिन्होंने अधिवक्ताओं के इस मानवीय दृष्टिकोण की मुक्त कंठ से सराहना की।

### कचहरी से जनमानस तक

यह आयोजन इस बात का प्रमाण है कि काला कोट पहनने वाले ये न्यायविद कानून की बारीकियों के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं को भी बखूबी समझते हैं। दुनातर धाम के आध्यात्मिक वातावरण में हुआ यह कंबल वितरण न केवल एक चैरिटी थी, बल्कि समाज के प्रति अधिवक्ताओं की अटूट प्रतिबद्धता का परिचायक भी था।

# कटरा बाजार में सार्वजनिक शौचालय संचालित




**ललितपुर।** शहर के प्रमुख बाजार कटरा बाजार में लम्बे समय से महिलाओं व पुरुषों को लघुशंका करने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस परेशानी को समझते हुये नपाध्यक्ष सोनाली जैन द्वारा कटरा बाजार में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया है। इस सार्वजनिक शौचालय के निर्माण से यहां के दुकानदार, आने वाले लोगों को लाभ मिल सकेगा।

इस सार्वजनिक शौचालय का आज विधिवत संचालन शुरू हो गया है। इस दौरान सराफा एसोशियेशन के अध्यक्ष मनोज सोनी मज्जू ने कहा कि जिले भर के सुदूर ग्रामीण अंचलों से आने वाले ग्रामीणों, शहर क्षेत्र से आने वाले लोगों को लघुशंका व दीर्घ शंका से निजात पाने के लिए कटरा बाजार में संसाधन उपलब्ध नहीं थे। मशीनरी लाइन में एक पेशाबघर है, लेकिन संख्या में मात्र एक होने के चलते व्यस्त रहता था, जिस कारण लोग यहां-वहां लघुशंका करने के लिए बैठ जाते थे, जिससे लोगों को शर्मिंदगी उठानी पड़ती थी, लेकिन अब सार्वजनिक शौचालय का लाभ मिल सकेगा। पार्षद अफजुल रहमान ने कहा कि कटरा बाजार में सार्वजनिक शौचालय निर्माण की मांग लम्बे समय से चली आ रही थी, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। यह सार्वजनिक शौचालय आमजन को समर्पित कर दिया गया है। इससे लोगों को लाभ मिल सकेगा। इस दौराने सराफा एसोशियेशन अध्यक्ष मज्जू सोनी, पार्षद अफजुल रहमान, विद्याकांत मालवीय, विजय शर्मा कुक्कन, राजीव चौबे, मकरंद किलेदार, गौरव जैन, हेड सुपरवाइजर संजू कप्तान के अलावा स्वास्थ्य नायक व अन्य लोग मौजूद रहे।

## ड्रिंक एंड ड्राइव को लेकर चलाया अभियान

# वाहन चलाते समय नशे का सेवन मतलब दुर्घटना को दावत देना



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के एलाइट चौराहे पर ड्रिंक एण्ड ड्राइव, के खिलाफ अभियान चलाया गया और नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पाए जाने पर 6 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया तथा दो पहिया वाहन पर चालक और पीछे बैठी सवारी अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाएं, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, सीट बेल्ट अवश्य बांधे, मोडिफाइड साइलेंसर न लगवाएं, लेन ड्राइविंग का पालन आदि के लिए प्रेरित किया गया।

# चंदेरी रेल लाइन का लोकेशन सर्वे अंतिम चरण में



**ललितपुर।** चंदेरी के रास्ते पिपरई गांव एवं ललितपुर को जोडऩे वाली 80 किलोमीटर नई रेलवे लाइन जिसका फाइनल लोकेशन सर्वे अपने अंतिम स्तर पर पहुंच चुका है। इसमें प्राप्त जानकारी जो रेलवे मंत्रालय तथा पश्चिम मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के माध्यम से प्राप्त हुई है, उसके तहत चंदेरी के रास्ते पिपरई गांव एवं ललितपुर को जोडऩे वाली रेल लाइन की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) फरवरी 2026 में रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय को प्रस्तुत कर दी जावेगी, इसके पश्चात भारत सरकार की मंत्रिपरिषद द्वारा इस नई रेलवे लाइन की स्वीकृति मिल जाने के पश्चात निर्माण राशि मंजूर हो जाएगी और बहु प्रतीक्षित यह नई रेलवे लाइन क्षेत्र को एक नई सौगात के रूप में प्राप्त हो जाएगी। चंदेरी के रास्ते पिपरई गांव एवं ललितपुर को जोडऩे वाली 80 किलोमीटर नई रेलवे लाइन के लिए 27 नवंबर 2024 को रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय द्वारा इसके फाइनल लोकेशन सर्वे हेतु 2 करोड रुपए की राशि स्वीकृत कर आदेश जारी किया था जिसके पश्चात टेंडर आदि की प्रक्रिया संपन्न हुई और बीपीसी कंसलटेंट प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता को फाइनल लोकेशन सर्वे के लिए अधिकृत किया गया, जिसके द्वारा चंदेरी के रास्ते पिपरई गांव एवं ललितपुर के संपूर्ण रेल मार्ग पर सेंट्रल लाइन पिलर्स की स्थापना कर दी गई और इसका ज्योग्राफीकल सर्वे, तथा लेजर सर्वे आधुनिक तकनीक और उपकरणों के माध्यम से संपन्न कर दिया गया है। इसका आकलन रेलवे मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कर दिया गया है और निकट भविष्य में रेलवे मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी संपूर्ण रेलवे लाइन की ग्राउंड निरीक्षण के लिए पधार रहे हैं और इसके पश्चात विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर रेल मंत्रालय भारत सरकार को प्रस्तुत कर दी जायेगी। अशोकनगर गुना शिवपुरी संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा सांसद अनुराग शर्मा का चंदेरी रेल लाइन की स्वीकृति कराने में महत्वपूर्ण भूमिकाएं अदा की है, जिससे अब शीघ्र ही गुना शिवपुरी अशोक नगर संसदीय क्षेत्र तथा झांसी ललितपुर संसदीय क्षेत्र को एक नई रेलवे लाइन की सौगात मिलने जा रही है।

## खबर संक्षेप



### बस स्टैंड तक डामरीकरण कार्य का लोकार्पण

**ललितपुर।** राजघाट रोड में पिसनारी तिराहा से बस स्टैण्ड की ओर डामरीकरण कार्य, वार्ड नं. 2 व 6 में पुल निर्माण एवं एप्रोच मार्ग निर्माण का लोकार्पण जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। स्थानीय सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि लम्बे समय से इस सड़क का जीर्णोद्धार न होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होती थी, चूंकि शहर को राजघाट मार्ग से जोडऩे वाली यह मुख्य सड़क है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों लोगों व वाहनों का आना जाना यहां से होता है। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि नगर पालिका ने शहर में अनेक सड़कें डलवाई जा रही है, जिसमें नपाध्यक्ष, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा एवं समस्त वार्ड पार्षद मिलकर सहयोग कर रहे है। नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि नगर पालिका द्वारा शहर में विकास के लिए अनेक कार्य कराये जा रहे है, जिसमें शहर के विभिन्न वार्डों में सड़कें डलवाई जा रही है, उन्होंने कहा कि पिसनारी तिराहे से लेकर राजघाट रोड़ तोड़कर जीर्णशीर्ण पड़े होने के चलते राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, जिसको जीर्णोद्धार के लिए टैण्डर प्रक्रिया पास कराते हुए शिलान्यास किया गया है। इस दौरान राज्यमंत्री मनोहरलाल के अलावा नपा कर्मी, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## 45 दिन आंदोलन चलाएगी

# कांग्रेस के आह्वान पर प्रदेश में मनरेगा बचाओ संग्राम शुरू




ललितपुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने और उसकी मूल भावना को कमजोर करने के प्रयासों के खिलाफ मनरेगा बचाओ संग्राम की शुरुआत की है। यह आंदोलन महात्मा गांधी के नाम, संविधान प्रदत्त रोजगार के अधिकार और करोड़ों गरीब-मजदूर परिवारों के हितों की रक्षा के लिए चलाया जा रहा है। राहुल गांधी के निर्देश राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं विशेषज्ञ अध्यक्ष बार रूम कांग्रेस पं.संजय दीक्षित के आदेशानुसार जिला समन्वयक सरदार जसपाल सिंह बंटी ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की जीवनरेखा है। इसका नाम बदलना महात्मा गांधी के विचारों का अपमान और गरीबों के रोजगार पर सीधा हमला है। आंदोलन के चार बिंदु है जिसमें हर परिवार को न्यूनतम 100 दिनों के काम की कानूनी गारंटी मिलती थी अब इसमें कोई भी गारंटी नहीं है। हर गांव में काम की कानूनी गारंटी मिलती थी और गांव में ही रोजगार मिलता था अब यह सब नहीं है, पहले पूरे साल मजदूर अपने पंचायत में ग्राम पंचायत अधिकारी प्रधान रोजगार के लिए आवेदन कर सकता था, अब यह नहीं है पहले कानूनी न्यूनतम मजदूरी की गारंटी दी गई थी, अब या मनमानी ढंग से चलाया जाएगा। पहले आपको पंचायत के माध्यम से आपके गांव के विकास के लिए योजनाएं बनती थी, अब यह नहीं है क्योंकि यह सरकार ऊपर से योजनाएं बनाकर ठेकेदारी प्रथा से काम कराएगी जो इसकी मूल भावना थी मनरेगा की कि मजदूरों को गांव में ही काम दिया जाए। आज वह समाप्त हो गया है गांव में पहले मनरेगा का मैच रोजगार सहायक का सहयोग मिलता था, अब यह सब समाप्त हो जाएगा। पहले मजदूरी का 100 प्रतिशत भुगतान केन्द्र सरकार करती थी और राज्य सरकार इसकी कोई चिंता नहीं करती थी, वह केवल क्रियान्वयन करती थी, अब 60 प्रतिशत केन्द्र सरकार और 40 प्रतिशत राज्य सरकार बहन करेगी, राज्य सरकारों की अधिकतर योजनाएं पैसे ना होने के कारण लटकी रहती थी। अब किस तरह मजदूरों को काम मिलेगा, यह बड़ा प्रश्न खड़ा हो गया है। यह सरकार मनरेगा को खत्म कर अधिकार छीनने में लग गई है और ठेकेदारों के माध्यम से पूंजी पति को बढ़ावा देकर और गरीब को और गरीब बना रही है। विकास अब गांव में आंकड़ों की बाजीगरी में दिखाई देगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि मनरेगा अपने काम करने की संवैधानिक अधिकार को सुनिश्चित करता था गरीबों को पलायन नहीं करना पड़ता था और गांव में ही रोजगार की सुविधा मुहैया कराया जाता था। जैसा कि राजीव गांधी ने पंचायती राज लाकर गांव के विकास गांव में ही करने के लिए योजना बनाने के लिए पंचायत को अधिकार दिए थे, अब यह योजनाएं ऊपर से थोपी जाएगी। आंदोलन के प्रमुख बिंदुओं में जिला व ब्लॉक स्तर पर धरना-प्रदर्शन और जनसभाएं, गांधी प्रतिमाओं पर शांतिपूर्ण विरोध, ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल व जनसंवाद कार्यक्रम, केन्द्र सरकार के फैसले के खिलाफ ज्ञापन सौंपना है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने स्पष्ट किया है कि जब तक मनरेगा का नाम और उसका अधिकार-आधारित स्वरूप सुरक्षित नहीं किया जाता, तब तक यह संघर्ष पूरे प्रदेश में लगातार जारी रहेगा। विरोध का कारण केन्द्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर विकसित भारत गारण्टी फॉर रोजगार एण्ड आजीविकास मिशन ग्रामीण यानी वीबी जीरामजी करने का प्रस्ताव रखा था और नया कानून लाया गया है। कांग्रेस का कहना है कि इससे न केवल मनरेगा का नाम बदल रहा है बल्कि उसकी मूल भावना एवं अधिकार आधारित स्वरुप कमजोर हो जाएगा। कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम नाम से 45 दिनों का राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया है।

# सभी लोग बूथ लेबल पर संगठन को मजबूत करने का कार्य करें: निषाद



**ललितपुर।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.संजय कुमार निषाद कैबिनेट मंत्री के आदेशनुसार दो दिवसीय भ्रमण पर आए प्रान्तीय अध्यक्ष कैलाश निषाद ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सभी विंग के अध्यक्ष निषाद पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की सन्देश देते हुए बताया कि सभी लोग बूथ लेबल पर संगठन को मजबूत करने का कार्य करें। अधिक से अधिक संख्या में 13 जनवरी लखनऊ चलों लखनऊ चलों का सन्देश सभी कार्यकर्ताओं को दिया। जिसमें निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष महेश रैकवार हरपुरा, वरिष्ठ जिला महासचिव मुकेश रैकवार, संगठन अध्यक्ष काशीराम रैकवार, विधानसभा अध्यक्ष हरगोविंद रैकवार, महरौनी युवा मोर्चा अध्यक्ष पीयूष रैकवार, नगर अध्यक्ष विनोद रैकवार, ब्लॉक अध्यक्ष शिवराज रैकवार, सचिव सुनील रैकवार, जगदीश केवट, नगर मीडिया प्रभारी पूजा रैकवार, झांसी अरूण निषाद, चित्रकूट अनीता रैकवार, तालपुरा झांसी भीकम रैकवार, अमित कशयप, रितिक रैकवार, भकतू निषाद, सुरेन्द्र रैकवार, रमेश, कमलेश, राजेश, दशरथ, धनवीर सैकड़ों की संख्या में निषाद पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# सांसद ने जीरामजी समेत विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी



**ललितपुर।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर चल रहे कार्यक्रमों में सांसद अनुराग शर्मा ने वीबी जीरामजी अधिनियम को लेकर पत्रकारों के उत्तर दिए। शुरुआत में जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने पत्रकारों को इसके अन्तर्गत में गांवों से शहरों तक चलनेवाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। सांसद ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, इसके लक्ष्यों और ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन हेतु बनाई गई भावी रणनीति के बारे में बताया। कहा कि यह अधिनियम विकसित भारत संकल्प के लिए बना है। इसमें रोजगार, खेती वाले दिनों को लेकर व्यवस्थित रूप दिया गया है। इसमेंचार अनुबंधों जल सुरक्षा, ग्रामीण अवसंचना, आजीविका सम्पत्ति और जलवायु संरक्षण को लेकर ही सारे काम कराने का संकल्प लिया है। किसानों को सुरक्षा गारंटी के साथ साठ दिनों की अतिरिक्त रोजगार गारंटी की व्यवस्था की गई है। बेरोजगारी भत्ता की जवाबदेही तय की गई है कि अगर मांग के अनुरूप पन्द्रह दिन तक काम नहीं मिलता तो तय समय सीमा में बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जायेगा। इसके अलावा अब अगर सात दिनों तक भत्ता नहीं मिलता तो ब्याज सहित भत्ता दिया जाएगा तथा जवाबदेही और पारदर्शिता को स्पष्ट रखा जायेगा। इस दौरान सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, राज्यमंत्री मनोहरलाल के अलावा अनेकों भाजपाई मौजूद रहे।

## विश्व हिंदी दिवस पर परिचर्चा का आयोजन किया गया

# हिंदी राष्ट्रभाषा ही नहीं, समरसता पैदा करने वाली भाषा: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

विश्व हिंदी दिवस पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि अंग्रेजों के दो सौ सालों के औपनिवेशिक शासन को उखाड़ फेंकने में राष्ट्रपिता गांधी और शहीदे आजम भगत सिंह के ऐसे हिंदी (हिन्दुस्तानी) में कहे गए शब्द अंग्रेजों भारत छोड़ो तथा इंकलाब जिन्दाबाद आग के गोले बनकर विस्फोटित हुए।

वस्तुतः हिन्दी ही अन्याय और उत्पीडऩ के विरुद्ध संघर्ष और प्रतिशोध को विजयान्तक परिणाम तक पहुँचाने के निष्कम्प विश्वास और समरसता पूर्ण माहौल पैदा करने वाली समर्थ भाषा है। इसीलिये भारत माता की एक आँख के रूप में जानी जाती है। भारत माता की दूसरी आँख है समस्त प्रादेशिक भाषाएँ। हमें शिवजी की तरह त्रिनेत्री बनना होगा। अर्थात तीन भाषाएँ सीखनी होगी। अंगेजी सहित तीसरी भाषा यूरोप की कोई भी भाषा हो सकती है, जिससे हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी में पीछे न रहें। भाषा का वरदान यदि आदमी को न मिला होता तो रोशनी होते हुए भी वह अँधेरे में होता। जानवरों की तरह। उसकी बस्ती भी गूंगी होती। परन्तु अनुकूल शारीरिक संरचना के




कारण जब उसके मुख से शब्द निकले तो वे पुल बन गये और एक-दूसरे से जुड़ते चले गये। आज के इन्टरनेट के डिजिटल युग में हिंदी की धमाकेदार ऐन्ट्री यूरोप और चीन की मंदारिन भाषा को पीछे छोड़ते हुए विश्व की नंबर वन भाषा की ओर अग्रसर है। प्रत्येक वर्ष हम हिन्दी दिवस के दिन प्रायः अँग्रेजियत के रुतबे को कोसते रहते हैं। कुछ हद तक ठीक भी है परन्तु कोविड-19 के संकट के समय जो स्त्री-पुरुष और बच्चे साधनों के अभाव में खाली पेट- खाली जेब और हाथ में कोरा श्रम लिये हुए दिल्ली, मुंबई से पैदल ही चल पड़े, वे सभी हिंदी बोलने वाले ही थे। इसलिए जब तक हिन्दी भाषी जनता बेरोजगारी और गरीबी का दंश झेलती रहेगी तब तक संख्याबल में आगे होते हुए उसकी बेकद्री होती रहेगी। अतः अपने संविधान की प्रस्तावना में जिस मानवोचित गरिमामय जीवन जीने की गारंटी दी गई है उसे 77 साल की आजादी के अमृत महोत्सव बाद धरातल पर उतारना ही होगा अन्यथा धूल चेहरे पर थी और हम आईना साफ करते रहे। की तरह लक्ष्यभ्रष्ट होकर गलत निशाना लगाते रहेंगे। यह नहीं भूलना चाहिए कि अँग्रेजों का कारोबार यदि पूरी दुनिया में न फैला होता तो उनकी भाषा का रुतबा भी कमजोर होता।

प्रभारी मंत्री ने वीबी जी राम जी को बताया मजदूरों की जिंदगी के लिए टर्निंग प्वाइंट

# भगवान राम की नहीं हुई कांग्रेस तो राष्ट्र की क्या होगी: शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करने के उद्देश्य से मजदूरों के समग्र विकास उन्नति को ध्यान में रखते हुए ही वीबी जी राम जी योजना बनाई है। पर इस योजना में राम का नाम आने से कांग्रेस भड़क उठी है। कांग्रेस को हमेशा राम और उनके नाम से नफरत रही है, एक परिवार तक सरकारी योजनाओं के नाम सीमित रखने वाली कांग्रेस को अब राम जी के नाम पर बनाई गई तो कांग्रेस को दुख हो रहा है। जो कांग्रेस भगवान राम की नहीं हुई वो राष्ट्र की क्या होगी। यह बात जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने रविवार को ऱवीबी जी राम जीऱ के शुभारंभ अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए कही।

दो पेज का प्रेस नोट लेकर पत्रकार वार्ता में बैठे जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने मनरेगा का नाम बदलकर वीबी जी राम जी नाम से योजना शुरू करने पर उससे जुड़ी उपलब्धि तो खूब गिनाई पर वे कई प्रश्नों के उत्तर नहीं दे सके जब उनसे पूछा गया कि इस योजना से महात्मा गांधी का नाम हटा देने से मजदूरों का कल्याण हो जाएगा उन्हें रोजगार मिलने लगेगा तो उन्होंने उल्टे कांग्रेस पर दोषारोपण करते हुए कहा कि इस योजना में राम जी का नाम आ रहा है इसलिए कांग्रेस बोखला रही है। कांग्रेस को राम के नाम से नफरत है जब राम मंदिर बना था तब भी वह उसके उद्घाटन में नहीं गए थे अब इस योजना में राम का नाम आने पर भी कांग्रेस राजनीति कर रही है। जब उनसे पूछा गया कि कांग्रेस के सारे नेताओं के नाम पर योजनाओं को बंद किया जा रहा है जिसमें राजीव गांधी खेल युवा कल्याण का नाम बदलने का उल्लेख करते हुए लिखा जा रहा है ही उनका कभी किसी खेल से कोई संबंध नहीं रहा तो फिर गुजरात में नरेंद्र मोदी स्टेडियम का नामकरण क्यों नहीं बदला जाए, क्या नरेंद्र मोदी किसी खेल में पारंगत हैं?

उन्होंने ओलंपिक, एशियाड में कोई पदक दिलाया है या क्रिकेट के किसी फॉर्मेट में एक भी मैच खेले हैं? प्रभारी मंत्री इसका जवाब देने के बजाय इधर-उधर की बातें करने लगे जब मनरेगा के संबंध में पूछा गया कि इसमें दो महीने यानी 60 दिन फसल कटाई के समय योजना को पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा ऐसी स्थिति में मजदूरों को काम के लिए पलायन करना पड़ेगा क्योंकि 90% फसल कटाई मशीनों से हो रही है। मंत्री जी इस सवाल को भी अगर मगर कर टाल गए। जब उनसे पूंछा गया कि जिले में मजदूर गुजरात दिल्ली जयपुर इत्यादि शहरों में काम के लिए पलायन करते हैं जहां उन्हें मजदूरी के लिए 700 से 800 प्रतिदिन मिलते हैं और वीबी जी राम जी में उन्हें सिर्फ 300 प्रतिदिन मिलेंगे ऐसी स्थिति में क्या मजदूर 300 के लिए बाहर जाकर काम करना छोड़ देगा इस बात का भी प्रभारी मंत्री के पास कोई जवाब नहीं था। इस दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर सिसोदिया, डॉ गोपाल आचार्य ,अशोक गर्ग आदि मौजूद रहे।



### प्रभारी मंत्री ने कृषि रथों को दिखाई हरी झंडी

जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने कलेक्ट्रेट परिसर से तीन कृषि रथों को हरी झंडी दिखाकर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि कृषि वर्ष के उपलक्ष्य में जिले के तीनो विकासखण्ड के ग्रामों में कृषि रथ संचालन कर किसानों को कृषि की नवीन एवं उन्नत तकनीकी की जानकारी के साथ ही कृषि वैज्ञानिकों द्वारा समसामयिक फसलों, कीट निदान, जैविक एवं प्राकृतिक खेती आदि के बारे में जानकारी प्रदान की जायेगी। इस दल में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं कृषि विज्ञान केन्द्र बडौदा के अधिकारी शामिल रहेंगे। प्रत्येक विकासखण्ड के लिए अलग-अलग रथ संचालित किये जा रहे है।


### अवैध कॉलोनियों के नाम पर उठ खड़े हुए कलेक्टर

प्रेस वार्ता में जब प्रभारी मंत्री से प्रश्न किया गया कि जिले में अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई के नाम पर बुलडोजर चलाए जा रहे हैं ऐसी कॉलोनी जो नियम अनुसार विकसित नहीं हुई है उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं लेकिन नोटिस की समय सीमा हो पूरी होने से पहले ही वहां बुलडोजर चलाए जा रहे हैं अगर कॉलोनी अवैध थी या सरकारी जमीन पर काट दी गई तो उन कॉलोनी की परमिशन देने वाले डायवर्सन करने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई। ऐसी कॉलोनियों में प्लॉट की रजिस्ट्री करने वाले रजिस्ट्रार ओर नामांतरण करने वाले तहसीलदार पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। उन्हें क्यों छोड़ा जा रहा है कौन सी कॉलोनी अवैध है यह सूची क्यों जारी नहीं की जा रही इस सवाल पर प्रभारी मंत्री ने कलेक्टर जवाब देने को कहा लेकिन कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जवाब देने के बजाय खड़े होकर प्रेस वार्ता ही खत्म कर दी।

श्री रामतलाई हनुमान मंदिर से रवाना हुए 200 यात्री

# भगवान शिव और द्वारिकाधीश के जयकारों के बीच तीर्थ यात्री रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत रविवार को श्योपुर जिले से 200 तीर्थ यात्री द्वारिका एवं सोमनाथ की 7 दिवसीय तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुए। श्री रामतलाई हनुमान मंदिर पर आयोजित धर्ममयी कार्यक्रम के बीच भगवान शिव एवं भगवान द्वारिकाधीश के जयकारो के साथ इस यात्रा को रवाना किया गया। इस अवसर पर तीर्थ यात्रियों का माल्यार्पण कर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गई।

इस अवसर पर कलेक्टर अर्पित वर्मा, आरोग्य भारती के प्रांत संगठन मंत्री मुकेश दीक्षित, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया एवं कैलाशनारायण गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना, सुजीत गर्ग, तहसीलदार मनीषा मिश्रा सहित बडी संख्या में तीर्थ यात्रियों के परिजन उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत श्योपुर जिले के 200 यात्री 11 से 17 जनवरी तक द्वारिका एवं सोमनाथ की यात्रा पर रहेगे। सभी 200 यात्री शिवपुरी रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन द्वारा यात्रा के लिए जायेगे तथा यात्रा समाप्ति पर वापस शिवपुरी स्टेशन पर उतरेंगे, जहां से उन्हें जिला प्रशासन द्वारा सुविधाजनक तरीके से बसो से वापस लाया जायेगा।

डिप्टी कलेक्टर संजय जैन ने बताया कि श्री रामतलाई हनुमान मंदिर से श्योपुर के 150 यात्री तथा बडौदा के 11 यात्री रवाना हुए है, कराहल के 13 यात्री बस स्टैण्ड कराहल से यात्रा दल में शामिल होंगे। इसी प्रकार तहसील कार्यालय विजयपुर से उस क्षेत्र के 26 यात्रियों को बस द्वारा शिवपुरी के लिए रवाना किया गया।

# चीता ने किया बकरी का शिकार, बकरी मालिक सहित चार पर एफआईआर


हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कूनो नेशनल पार्क से सटे वन गांव अगरा क्षेत्र में चीता द्वारा एक बकरी का शिकार कर लिया। इस मामले में बकरी मालिक समेत चार लोगों पर चिलवानी थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। यह एफआईआर वन चौकी प्रभारी पुष्पेन्द्र द्वारा बकरी मलिक पर गाली देने व मारपीट करने के आरोप लगाते हुए कराई है। उधर बकरी मालिक का आरोप है कि वह तो सिर्फ उसकी बकरी का चीता द्वारा शिकार कर लेने की सूचना देने वन चौकी पर गया था और वन चौकी प्रभारी ने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र अगरा कूनो वन प्राणी वन मंडल श्योपुर द्वारा शनिवार को रिपोर्ट लिखवाई कि स्थान तेदू की बरी ताल के पास देवरी पर आरोपीगण हक्कू पुत्र ग्यासी, बैजनाथ पुत्र ग्यासी, रामबीर पुत्र ग्यासी,अजीत पुत्र बाईसराम जातिगण यादव निवासी देवरी चिलवानी ने फरियादी पुष्पेन्द्र जिसकी ड्यूटी चीता स्टाम्प में है को चीता द्वारा हक्कू यादव की बकरी को मारने के कारण आरोपी हक्कू व अन्य आरोपीगणों ने फरियादी को जातिसूचक गालियां दी मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी। एवं साथ सुरक्षा श्रमिक संतम यादव को भी गालियां दी मारपीट की एवं से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 132, 121(1),296(ए), 351 (3), 3 (5) बीएनएस, 3 (1) द, 3 (1)ध, 3 (2) व्हीए एससी/एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है

# नई कांग्रेस को याद नहीं रहे लाल बहादुर, नहीं मनाई पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



भारत के दूसरे प्रधानमंत्री और कांग्रेस के पितृ पुरुषों में शामिल लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि भी जिले की नई कांग्रेस मानना भूल गई। ज्ञात हो कि अतुल चौहान को पद से हटाकर मांगीलाल फौजी को जिला अध्यक्ष बनाने के साथ कांग्रेस ने सभी 12 मंडलों में ब्लॉक अध्यक्ष बदल दिए हैं। ऐसी स्थिति में कांग्रेस के कार्यक्रम ओर अधिक तेजी से होना चाहिए थे लेकिन उनमें उदासीनता बरती जा रही है जिसकी बानगी भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि वाले दिन देखने को मिली जिनकी पुण्यतिथि जिले में किसी ने नहीं बनाई। 11 जनवरी 1966 की रात देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री की मृत्यु हो गई। ताशकन्द समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद उसी रात उनकी मृत्यु हो गयी। मृत्यु का कारण हार्ट अटैक बताया गया। शास्त्रीजी की अन्त्येष्टि पूरे राजकीय सम्मान के साथ शान्तिवन (नेहरू जी की समाधि) के आगे यमुना किनारे की गयी और उस स्थल को विजय घाट नाम दिया गया। संयोग से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ लाल बहादुर की जयंती भी 2 अक्टूबर को मनाई जाती है जिसे कांग्रेसी संयुक्त रूप से मनाते हैं पर उनकी पुण्यतिथि मनाना भूलना आश्चर्यजनक है।

# 56 ने कराया विभिन्न बीमारियों का इलाज़, आदिवासी बस्ती में लगा शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

लोगों को शीतकालीन बीमारी से बचाने के उद्देश्य से आयुष विभाग द्वारा बगवाज में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में 56 लोगों ने पहुंचकर विभिन्न बीमारियों का उपचार कराया जिन्हें मौके पर ही निशुल्क दवाइयां वितरण की गई।

जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा बगवाज शीतला का सहराना में शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ ब्रजलता मांझी एवं रामलखन नागर द्वारा 30 महिला एवं 26 पुरूष सहित 56 रोगियों की जांच कर उनका उपचार किया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं का परीक्षण कर उन्हें आयुर्वेद आहार विहार एवं दिनचर्या के बारे में बताया एवं अन्य लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच जानकी बाई, योग प्रशिक्षक अजय मांझी, योगेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षक की हत्या में आरोपी के घर पर चला प्रशासन का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



विगत दिनों नौनपुरा घाटी पर योजना पूर्ण तरीके से शिक्षक रमाकांत पाठक की हत्या किए जाने के मामले में मृतक की पत्नी के प्रेमी मनीष जाटव के शंकरपुर बस्ती में स्थित मकान को प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया। ज्ञात हो कि शिक्षक रमाकांत की हत्या में कराहल पुलिस ने उसकी पत्नी को हत्या की मास्टरमाइंड मानकर दो अन्य को हत्यारोपी मानते हुए मामला दर्ज किया और तीनों को अरेस्ट करके जेल भेज दिया है। कराहल तहसीलदार रोशनी शेख ने बताया कि आरोपी मनीष जाटव का मकान कराहल के पनवाड़ तिराहा स्थित शंकरपुर बस्ती में सरकारी जमीन पर बना हुआ था जिसे हटा लेने या जमीन के स्वामित्व संबंधित कागज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे लेकिन संबंधित से जुड़े किसी भी परिजन ने समय सीमा में उक्त नोटिस का जवाब नहीं दिया जिसके बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा एवं एसडीएम बीएस श्रीवास्तव के निर्देश पर सरकारी जमीन पर बने उक्त भवन को गिराकर जमीन कब्जामुक्त कराई गई है।

श्रीगुप्तेश्वर महादेव पर होगा भव्य आयोजन, तैयारियां शुरू हुई

# मकर संक्रांति पर श्योपुर में पहली बार होगी चुनरी मनोरथ, दीप यज्ञ व सीप गंगा आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर के श्रीगुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर 14 जनवरी मकर संक्रांति पर्व पर चुनरी मनोरथ, दीप यज्ञ एवं सीप गंगा आरती का आयोजन शशांक भूषण मित्र मंडल द्वारा किया जाएगा। इसको लेकर टोडी गणेश मंदिर पर पहला निमंत्रण दिए जाने के साथही अन्य तैयारियां शुरू कर दी गई है।

बैठक में कार्ययोजना रखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने बताया कि शहर की जीवनदायिनी सीप नदी के प्रति आस्था और आभार प्रकट करने की दृष्टि से मकर संक्रांति पर्व के विशाल आयोजन होने जा रहा है जो कि सभी सामाजिक वर्गों एवं आमजन से प्रेरित होगा। उन्होंने बताया कि यह सर्वसमाज का आयोजन है जिसमें प्रत्येक घरो से लोगो को आमंत्रित किया जा रहा है और सत्य सनातन धर्म से प्रेरित यह आयोजन प्रयागराज में मां गंगा की आरती की तर्ज पर होगा। इसके लिए शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल के लोगो को भी आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 14 जनवरी को शाम 05 बजे से श्रीगुप्तेश्ववर महादेव मंदिर पर आयोजन की शुरूआत होगी जहां पूरे मंदिर एवं सीप नदी के घाटो को दीपो से सजाया जायेगा तो वहीं चुनरी मनोरथ पूर्ण करते हुए मां सीप गंगा की भव्य एवं विशाल आरती की जायेगी। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि इस आयोजन को सफल बनाने में सभी सहयोग करें और प्रत्येक वार्ड, बस्ती एवं क्षेत्रो से लोगो को शामिल कराने हेतु आमंत्रण पत्र वितरण करें।

# बड़ौदा में अभाविप ने किया मैराथन दौड़ का आयोजन, कई युवा दौडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बडौदा नगर इकाई ने मैराथन दौड़ का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अभाविप जिला संयोजक गणेश शर्मा रहे वहीं विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी गिर्राज नगर व अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू सुमन तथा बड़ौदा भाग संयोजक राज सोलंकी रहे। इस मैराथन दौड में बड़ौदा क्षेत्र के युवाओ ने बडी संख्या में उत्साह के साथ भाग लिया। मैराथन दौड में विजेता बने प्रतिभागियो को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इस दौरान कन्हैया बंजारा,विकाश सेन,अंशुमान गुर्जर विजेता रहे। इस मौके पर नगर मंत्री प्रिंस सेन ,आयुष नामा , सोनू प्रजापति ,आदि कार्यकर्ता कई अभाविप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हिंदू सम्मेलनों में दिखी संस्कृति और देश प्रेम की झलक, एक पंगत एक संगत का दिया संदेश

# राष्ट्र की उन्नति के लिए हिंदू समाज को जात पात का भेद भुलाकर एक जुट होने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में शहर की अलग-अलग बस्तियों में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी सिलसिले में रविवार को शहर की चार बस्तियों अंबेडकर बस्ती, कबीर बस्ती, विवेकानंद बस्ती तथा गुरू गोविंद सिंह बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इन हिंदू सम्मेलनो में हिंदू समाज के बड़ी संख्या में स्त्री-पुरुष और युवा शामिल हुए। चार अलग अलग स्थानों से गाजेबाजे के साथ निकली कलश यात्राओं में बडी संख्या में मातृ शक्ति सिर पर कलश लेकर शामिल हुई। वहीं कार्यक्रम स्थल पर बालक बालिकाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कई रोचक प्रस्तुतियां दी गई।

जिसके चलते कार्यक्रम के दौरान जहां भारतीय संस्कृति और देश प्रेम की झलक दिखाई दी,वहीं दूसरी तरफ कार्यक्रम के अंत में सह भोज का आयोजन किए जाने से एक पंगत, एक संगत का संदेश भी दिया गया। संतो के सानिध्य में आयोजित इन हिंदू सम्मेलनों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने जहां हिंदू समाज से राष्ट्र की उन्नति के लिए जात पात और ऊंच-नीच का भेद भुलाकर एक जुट होकर संस्कारी बनने का आह्वान किया। वहीं राष्ट्रहित में पंच परिवर्तन को अपनाने की शुरूआत अपने घर से करने का आग्रह भी किया। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार देना और अपनी परंपराओं को बचाना पूरे समाज की जिम्मेदारी है। अंबेडकर बस्ती का हिंदू सम्मेलन जेके रिसोर्ट में आयोजित हुआ। जहां मुख्य वक्ता के रूप में संघ के विभाग प्रचारक मुन जैन मंचासीन थे, वहीं संत श्री गोपाल दास महाराज नौनार सरकार, तारा दीदी, सेवानिवृत्त दरोगा बंशीधर शर्मा, गोपाल जाटव, दत्तात्रेय नाटेकर, जुगलकिशोर श्रीवास्तव, कथा वाचक महावीर शर्मा, राजेन्द्र वैष्णव विशेष रूप से मंचासीन थे। यहां मंच की खास बात यह थी कि कार्यक्रम का मंच लोगो को पॉलीथिन का उपयोग त्यागने का संदेश दे रहा था,

कबीर बस्ती का हिंदू सम्मेलन मोतीकुंज में आयोजित हुआ। जहां पूज्य संत कृष्ण बिहारी दास महाराज, मोहनदास महाराज, काडू प्रजापति, ओमप्रकाश पांचाल विशेष रूप से मंचासीन थे, वहीं आरएसएस के सह विभाग कार्यवाह अतुल शर्मा मुख्य वक्ता के रूप से थे। गुरूगोविंद सिंह बस्ती का हिंदू सम्मेलन हैवीमशीनरी टीनशेड में तथा स्वामी विवेकानंद बस्ती का हिंदू सम्मेलन जाट छात्रावास में आयोजित हुआ। जहां दोनो जगह मुख्य वक्ता के रूप में आरोग्य भारती के प्रांत संगठन मंत्री मुकेश दीक्षित मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रांत संगठन मंत्री मुकेश दीक्षित ने एक पंगत-एक संगत' की बात कही, जिसका मतलब है कि हमें ऊंच-नीच और जात-पात का भेदभाव भुलाकर एक साथ बैठना चाहिए और राष्ट्रहित को सबसे ऊपर रखना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपनी जड़ों से जुड़े रहने और समाज को तोड़ने वाली ताकतों से सावधान रहने की अपील की। हैवीमशीनरी टीनशेड में आयोजित हिंदू सम्मेलन में सिख संत सोहन सिंह बाबा, नीलकंठ वैदिक गुरूकुल से आचार्य भरत शास्त्री,तारा दीदी, कुंज बिहारी मंगल,मनोज सर्राफ, अनिता सिकरवार, आदि अतिथि मंचासीन थे। जबकि जाट छात्रावास में नरोत्तम सिंह जाट पहेला की अध्यक्षता में आयोजित हिंदू सम्मेलन में संत गोपालदास महाराज नौनार सरकार, पं दीपक शास्त्री,संत लाल दास महाराज,संत राधारमण दास, संत संगमपुरी महाराज, संत शंकरदास महाराज, कथा व्यास पं खेमराज शास्त्री आदि अतिथि मंचासीन थे।

### यहां भी आयोजित हुए हिंदू सम्मेलन

रविवार को शहर के अलावा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में भी चार स्थानों पर हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। जैनी मंडल का हिंदू सम्मेलन जहां श्री क्षेत्रपाल बाबा मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ, जहां आरएसएस के जिला प्रचारक अभिजीत मिश्रा मुख्य वक्ता के रूप में मंचासीन थे। वहीं गिरधरपुर मंडल का हिंदू सम्मेलन गिरधरपुर के शासकीय हायरसेकंडरी स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया। जहां मुख्य वक्ता के रूप में विहिप के पूर्ण कालिक पदाधिकारी राजा सिसौदिया उपस्थित थे। जबकि दोर्द और गोपालपुर में भी हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया, जहां संघ के सह जिला कार्यवाह सत्यनारायण शिवहरे मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे।

### प्रशासन सक्रिय, एसडीएम व पुलिस की त्वरित कार्रवाई से बहाल हुआ सहरिया बच्चों और युवाओं का हक

# सिंधिया के हस्तक्षेप से आदिवासियों को मिला 40 मिनट में न्याय, टूटा अतिक्रमण का ताला

**प्रशासन हरकत में, उम्मीदों को मिला नया आसमान, सहरिया क्रांति ने सौंपा था ज्ञापन**

**सहरिया गांव टीला का खेल मैदान अतिक्रमणमुक्त**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

भीषण उपेक्षा, वर्षों की अनसुनी पीड़ा और अधिकारों से वंचित जीवन जी रहे सहरिया आदिवासियों के लिए शनिवार का दिन उम्मीद की रोशनी बनकर आया। सहरिया क्रांति सामाजिक आंदोलन के बैनर तले ग्राम टीला के सहरिया आदिवासियों ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को अपनी ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन केवल कागज का टुकड़ा नहीं था, बल्कि वर्षों से दबे दर्द, टूटे सपनों और अधिकारों की पुकार का दस्तावेज था। ज्ञापन मिलते ही मंच से ही सिंधिया ने जिस तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय दिया, उसने न केवल सहरिया समाज बल्कि पूरे शिवपुरी जिले को एक सकारात्मक संदेश दिया कि यदि नीयत साफ हो तो समाधान में देर नहीं लगती। ज्ञापन पढ़ते ही उन्होंने जिला कलेक्टर रविन्द्र चौधरी को स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्राम टीला के खेल मैदान को तत्काल अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए और वहां मूलभूत सुविधाएं बहाल की जाएं।

सहरिया युवाओं की सबसे बड़ी पीड़ा ग्राम टीला का वही खेल मैदान था, जो वर्षों पहले बच्चों और युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए विकसित किया गया था। समय के साथ दबंगों ने उस पर अवैध कब्जा जमा लिया। मैदान सिमटता गया और बच्चों के सपने भी। खेल गतिविधियां ठप पड़ गईं, युवाओं के सामने नशा और भटकाव का खतरा बढ़ने लगा। यह सिर्फ जमीन पर कब्जा नहीं था, बल्कि भविष्य पर हमला था।

सिंधिया के निर्देश मिलते ही प्रशासन हरकत में आया। एसडीएम और पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचे। महज 40 मिनट के भीतर खेल मैदान को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया गया। वर्षों से बंद पड़ी जमीन फिर से बच्चों की किलकारियों और युवाओं के जोश के लिए खोल दी गई। यह कार्रवाई प्रशासनिक दृढ़ता और सिंधिया की राजनीतिक इच्छाशक्ति का उदाहरण बन गई। मंच से संबोधित करते हुए सिंधिया ने सहरिया समाज को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याएं उनकी प्राथमिकता हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सहरिया समाज के अधिकारों से कोई समझौता नहीं होगा और जहां भी अन्याय होगा, वहां शासन-प्रशासन तुरंत हस्तक्षेप करेगा। उन्होंने कहा कि खेल मैदान केवल खेलने की जगह नहीं होते, बल्कि वे अनुशासन, आत्मविश्वास और भविष्य गढ़ने की प्रयोगशाला होते हैं। सिंधिया ने मंच से कहा, मेरे यहां देर हो सकती है, अंधेर नहीं हो सकता। मेरे यहां अन्याय नहीं हो सकता। आपका रक्षक, आपका पहरेदार, आपका सैनिक आपके साथ खड़ा है और आपको विकास व प्रगति की राह पर ले जाएगा।

जानकारी के अनुसार, अतिक्रमण ग्राम टीलाकला के 11.00 हेक्टेयर खेल मैदान की भूमि से हटाया गया। इस भूमि पर दानसिंह/बिससी, भरत और भूरा ने कब्जा कर रखा था। ग्रामीणों की शिकायत पर प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से खेल मैदान अतिक्रमण मुक्त हो गया।इस त्वरित कार्रवाई के बाद ग्राम टीला में उत्साह का माहौल है। सहरिया क्रांति सामाजिक आंदोलन के सदस्यों और ग्रामवासियों ने केंद्रीय मंत्री का आभार जताया और इसे सहरिया खेल प्रतिभाओं के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। ग्रामीणों का कहना है कि पहली बार उन्हें लगा कि उनकी आवाज सत्ता के गलियारों तक न केवल पहुंची, बल्कि वहां सुनी भी गई। यह घटनाक्रम शिवपुरी के सहरिया बाहुल्य क्षेत्रों के लिए एक मिसाल है। यह बताता है कि सकारात्मक पहल, संवेदनशील नेतृत्व और त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई से दशकों पुरानी समस्याओं का समाधान संभव है। ग्राम टीला का खेल मैदान आज केवल अतिक्रमण से मुक्त जमीन नहीं, बल्कि सहरिया समाज के आत्मसम्मान और अधिकारों की जीत का प्रतीक बन गया है।

---

### 50 हजार रुपए से भरा पर्स लौटाया

## ईमानदारी की मिसाल बना करैरा का सब्जी विक्रेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

वर्तमान समय में जब समाज में स्वार्थ और लालच बढ़ता जा रहा है, ऐसे समय में करैरा नगर के एक साधारण फल-सब्जी विक्रेता ने ईमानदारी और इंसानियत की ऐसी मिसाल पेश की है, जो पूरे समाज को प्रेरणा देती है। रेस्ट हाउस के सामने ठेला लगाने वाले लतीफ खान ने एक ग्राहक का 50 हजार रुपए नगद व जरूरी दस्तावेजों से भरा पर्स पूरी ईमानदारी से उसके मालिक तक पहुंचाकर यह साबित कर दिया कि आज भी सच्चाई और नेकनीयती जिंदा है। शनिवार रात लगभग 8:20 बजे मनपुरा गांव के मजरा नवलपुरा निवासी जीतेंद्र लोधी पुत्र राम सिंह लोधी सब्जी खरीदने के बाद जल्दबाजी में अपना पर्स ठेले पर ही छोड़कर चले गए। कुछ देर बाद जब लतीफ खान ने ठेले पर रखा पर्स देखा तो उन्होंने उसे तुरंत सुरक्षित कर लिया और उसके मालिक को ढूंढने की कोशिश शुरू कर दी। लतीफ खान ने इस संबंध में नगर के वरिष्ठ अधिमान्य पत्रकार प्रमोद जैन को सूचना दी। प्रमोद जैन ने पर्स में रखे आधार कार्ड के आधार पर पहचान की प्रक्रिया शुरू की और अपने पत्रकार साथी दुर्ग सिंह लोधी को जानकारी दी। इसके बाद मनपुरा व नवलपुरा गांव में संपर्क किया गया, जहां से पर्स के मालिक की पुष्टि हुई। जीतेंद्र लोधी के पिता से संपर्क कर सूचना दी गई, जिसके बाद स्वयं जीतेंद्र लोधी का फोन आया।

सभी विवरणों की पुष्टि के बाद लतीफ खान ने पर्स को पूरी तरह सुरक्षित, यथावत हालत में उसके मालिक को सौंप दिया। पर्स पाकर जीतेंद्र लोधी भावुक हो गए और उन्होंने लतीफ खान की ईमानदारी की सराहना कर आभार जताया। लोगों ने लतीफ खान ने समाज में ईमानदारी, विश्वास और मानवता की जो मिसाल कायम की है।

---

### आगासौद थाना अंतर्गत ग्राम देहरी के पास घटित हुआ हादसा

## अज्ञात वाहन की टक्कर से राहगीर की मौत, परिजनों ने किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

आगासौद थाना अंतर्गत ग्राम देहरी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक राहगीर की हुई मौत हो गई। घटना के विरोध में परिजनों ने सड़क पर शव रखकर चक्काजाम किया। चक्काजाम करीब तीन घंटे लगा रहा। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। घटना की सूचना पर आगासौद थाना प्रभारी नितिन पाल, नायब तहसीलदार हेमराज मेहर मौके पर पहुंचे और परिजनों की मांगों को पूरा करने का आश्वासन देते हुए चक्का जाम समाप्त कराया। जानकारी अनुसार राजेश पिता धन्नालाल अहिरवार उम्र 32 वर्ष निवासी देहरी को गांव के पास अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे और परिजनों ने सड़क पर ही शव रखकर चक्काजाम लगा दिया। परिजनों की मांग थी कि वाहन की पहचान कर उसे पकड़ा जाकर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ उन्हें आर्थिक सहायता दी जाए। इसके अलावा परिजनों ने मांग रखी की इस सड़क पर रिफाइनरी के भारी वाहन निकलते है जिसके कारण कई बार दुर्घटनाएं होती है। इसके लिए गांव की सड़क पर ब्रेकर बनाए जाएं। घटना की सूचना लगते ही आगासौद थाना प्रभारी नितिन पाल, नायब तहसीलदार हेमराज मेहर की काफी समझाइश के बाद परिजन माने। प्रशासन द्वारा आश्वासन मिलने के बाद चक्काजाम समाप्त किया गया। पुलिस ने बताया कि फिलहाल पंचनामा कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर सिविल अस्पताल में शव का पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया गया।

---

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आज जन जागरण बैठक में होंगे शामिल

**बीना।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का प्रथम नगर आगमन आज होगा। प्रदेश अध्यक्ष के नगर आगमन को लेकर भाजपा के द्वारा विशेष तैयारी की जा रही है। शहर में भाजपा के झंडे, बैनर एवं स्वागत द्वार तैयार किए जा रहे हैं।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने बताया की प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल आज शाम सड़क मार्ग से बीना पहुंचेंगे। जो शाम 4 बजे स्वर्गीय पंडित राकेश सिरोठीया स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम में शामिल होकर विजेता और विजेता टीमों को पुरस्कृत करेंगे। इसके बाद होटल सिद्धिविनायक में शाम 5 बजे व्हीबी राम जी जनजागरण बैठक में शामिल होंगे।

बैठक में बीना विधानसभ के पूर्व विधायक, प्रदेश का समिति सदस्य, प्रदेश पदाधिकारी मोर्चा, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, नगर पालिका एवं जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर पालिका पार्षद, जनपद सदस्य, मंडल के एसआईआर प्रभारी शामिल रहेंगे। वहीं शाम 5.30 बजे से 6.30 बजे जिला भाजपा विशेष टोली की बैठक में सम्मिलित होगे। बैठक उपरांत शाम 7 बजे वह भोपाल के लिए रवाना होंगे।

---

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मोटिवेशनल वर्कशॉप आयोजित

**विद्यार्थियों को नशामुक्त रहने की कराई प्रतिज्ञा**

## अपने मन की बात माता-पिता से शेयर करें: बीके रिया दीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

ब्रह्माकुमारीज़ के मंडी बामोरा सेवाकेंद्र द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडी में मोटिवेशनल वर्कशॉप आयोजित की गई। जिसमें बीके रिया दीदी ने कहा कि यदि जीवन में किसी तरह की कोई समस्या हो, कोई परेशानी हो, कोई टेंशन हो तो अपने माता-पिता को जरूर बताएं।

इसका वह उचित और सही समाधान बताएंगे। कई बार विद्यार्थी अपनी समस्या को घर वालों से छिपाते हैं और परेशान होते रहते हैं। अपने-अपने माता-पिता के साथ हर एक बात शेयर करें। इससे आप कभी जीवन में गलत दिशा में नहीं जा सकते हैं। जब हम बातों को छिपाते हैं तभी बच्चों के गलत दिशा में जाने की आशंका रहती है। खासकर छात्राएं अपनी मां के साथ मन की कोई भी उलझन हो उसे शेयर करें। जो बच्चे माता-पिता के साथ बातें शेयर नहीं कर सकते हैं वह अपने बड़े भाई-बहनों के साथ शेयर करेंगे। इससे आप सभी हल्के रहेंगे और पढ़ाई में मन लगेगा। उन्होंने कहा कि नशा जीवन का नाश कर देता है। आप सभी विद्यार्थी युवावस्था में प्रवेश कर रहे हैं, ऐसे में गलत संगत से नशे के गर्त में जाने की संभावना बनी रहती है। इसलिए हमेशा अच्छी दोस्तों की ही संगत करें। यही उम्र होती है जब हम जीवन को सही दिशा देकर सफल बना सकते हैं और गलत संगत से जीवन को नर्क की ओर भी ले जा सकते हैं।

इसलिए सदा सतर्क करें। सेवाकेंद्र संचालिका बीके जानकी दीदी ने बताया कि इस दौरान सभी बच्चों को जीवन में नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा कराई गई। इस मौके पर प्राचार्य संध्या भार्गव ने कहा कि आज जो शिक्षा ब्रह्माकुमारी दीदी ने दी है उसे अपने जीवन में अपनाएंगे तो आपका जीवन श्रेष्ठ और सफल बन जाएगा। शिक्षक राजमणि दुबे ने आभार व्यक्त किया।

---

### गहोई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता संपन्न

## प्रतियोगिताओं से निखरती है प्रतिभा व शिक्षा से बनता है भविष्य : अध्यक्ष गुरु



हरिभूमि न्यूज ▶▶ 88888

गहोई वैश्य नवयुवक मंडल दिनारा द्वारा गहोई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन रविवार, 11 जनवरी को के. एल. जेड. हाई स्कूल में सुबह 10 बजे किया गया। प्रतियोगिता में लगभग एक सैकड़ा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनके उत्तर प्रतिभागियों द्वारा ओ.एम.आर. शीट के माध्यम से दिए गए। प्रतियोगिता तीन स्तरों में आयोजित किया गया। प्रथम स्तरः कक्षा 11वीं 12वीं, द्वितीय स्तरः कक्षा 8वीं, 9वीं एवं 10वीं,तृतीय स्तरः कक्षा 5वीं से 7वीं तक। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 24 जनवरी 2026 को गहोई समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में परिवार सहित सम्मानित होगा। कार्यक्रम में गहोई समाज के अध्यक्ष राजेश अमर, महामंत्री रवि कसाव, प्रतियोगिता परीक्षक सुरेश गेंडा (सचिव), ललित कसाव सर, रवि नगरिया सर, अशोक कंथरिया सर, नीलेश सोनी, सोनू गेंडा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। गहोई वैश्य नवयुवक मंडल की ओर से अध्यक्ष एस. के. गुरु, उपाध्यक्ष ऋतिक सेठ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक सेठ, प्रतियोगिता प्रभारी अंकित सर एवं प्रचार मंत्री अजय नीखरा की विशेष भूमिका रही।

---

### पं. राकेश सिरोठिया स्मृति टूर्नामेंट का समापन आज, मैदान पर बरसेगा रोमांच

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल खिलाड़ियों को करेंगे पुरस्कार वितरण

**सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच होगा आज, बीना इलेवन फाइनल में पहुंची**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

बस स्टैंड के सामने मैदान में चल रहे स्वर्गीय पंडित राकेश सिरोठिया स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट बीना कप का आज समापन होगा। बीना कप के समापन पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल शामिल होंगे, जो विजेता- उप विजेता टीम को पुरस्कार वितरण करेंगे। वहीं 19 वे दिन रविवार को 3 मैच खेले गए। पहला क्वार्टर फाइनल मैच यश इलेवन और नरेंद्र इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें यश इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 164 रन बनाए। जवाब में नरेंद्र इलेवन 103 रन ही बना पाई और इस तरह यश इलेवन विजेता रही। मैन ऑफ द मैच रंजीत रहे। दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच डेंजर पटवारी दमोह और बीना इलेवन के बीच हुआ, जिसमें दमोह ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 92 रन बनाए। जवाब में बीना इलेवन ने 5.3 ओवर में ही मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच सचिन मलिक रहे। तीसरा मैच पहला सेमिफाइनल मैच यश इलेवन और बीना इलेवन के बीच हुआ। जिसमें यश इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 116 रन बनाए। जवाब में बीना इलेवन ने 6.5 ओवर में ही 6 विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ़ द मैच संदीप खुरई रहे।

#### बीना इलेवन पहुंची फाइनल मैच में

आज दूसरा सेमिफाइनल मैच एचएम तारिक शरिक और फौजी इलेवन झांसी के बीच होगा। इन दोनों में से जो भी टीम विजय होगी उसके साथ बीना बीना इलेवन का फाइनल मैच होगा एवं सेमिफाइनल के साथ फाइनल मुकाबला देखने को मिलेंगा। टूर्नामेंट को लेकर क्षेत्र के युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा हैं।

#### यह अतिथि होंगे शामिल

टूर्नामेंट के फाइनल मैच में विजेता विजेता रही टीम को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद लता वानखेड़े, वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव, पूर्व मंत्री एवं विधायक भूपेंद्र सिंह, सागर विधायक शैलेन्द्र जैन, विधायक निर्मला सप्रे, विधायक प्रदीप लारिया, विधायक व्रजबिहारी पटेरिया, विधायक वीरेंद्र सिंह लंबरदार, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, महापौर संगीता तिवारी, निगम

#### लाखों के बाटेंगे पुरस्कार

टूर्नामेंट के फाइनल मैच में विजेता टीम को 222222 रुपए एवं ट्रॉफी, उपविजेता रही टीम को 111111 रुपए एवं ट्रॉफी पुरस्कार के रूप में दी जाएगी। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज रहे खिलाड़ी को एक एलइडी एवं मैन ऑफ द मैच रहे खिलाड़ियों को ट्रॉफी दी जाएगी।

#### एक हाथ से कैच पकड़ने पर मिला डेढ़ लाख का पुरस्कार

टूर्नामेंट का सबसे बड़ा 150000 रुपए का इनाम शनिवार को राहुल सेन टाइगर को मिला। जिन्होंने बाउंड्री वॉल के बाहर एक हाथ से शानदार कैच पकड़कर सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। यह पुरस्कार राशि गौरव सिरोठिया, मनोज शर्मा निमेष अग्रवाल, यश ओझा, अभिषेक बैरागी (गोदना), अकरम यादव, किम्मी यादव, वसीम सिक्का, नंदकिशोर चौधरी, सोनू समैया, प्रेमनारायण बावले, रमेश जड़िया, मोहित पाठक, हेमंत सिरोठिया, राकेश हाजरी, भूपेंद्र चौवे, निखिल पाठक के सहयोग से प्रदान किया गया।